मकर संक्रांति : प्रयागराज कुम्भ में सनातन की शक्ति और वैभव का पहला अमृत स्नान...

दैनिक भास्कर

झुंझुनूं, बुधवार, 15 जनवरी, 2025 | माघ, कृष्ण पक्ष-2, 2081 • कुल पेज 24 (मधुरिमा) | मूल्य ₹ 5.00 | वर्ष 8, अंक 109, महानगर

शेखावाटी भास्कर

झुंझुनूं, मंगलवार, 14 जनवरी, 2025 | झुंझुनूं • चिड़ावा • पिलानी | गुढ़ागौड़जी • बुहाना • सूरजगढ़ | dainikbhaskar.com

सीएसआईआर-सीरी पिलानी में विश्व हिन्दी दिवस मनाया

पिलानी | सीएसआईआर-सीरी पिलानी में विश्व हिंदी दिवस समारोह मनाया गया। कार्यक्रम में डॉ. राघव प्रकाश निदेशक परिष्कार ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस, मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता संस्थान के निदेशक डॉ. पी. सी. पंचारिया ने की। संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी एवं प्रशासनिक कार्मिकों के अलावा परिष्कार कॉलेज की प्रधानाचार्या सविता पाईवाल, विज्ञान फैकल्टी एवं विद्यार्थी भी उपस्थित थे। डॉ. राघव प्रकाश ने अपने संबोधन में हिंदी के वैश्विक प्रभाव और मातृभाषा में शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया। इससे पूर्व अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. पी. सी. पंचारिया ने डॉ. राघव प्रकाश, सविता पाईवाल एवं परिष्कार कॉलेज की टीम का स्वागत किया। संस्थान की वार्षिक विज्ञान पत्रिका 'इलेक्ट्रॉनिक दर्पण' के नवीनतम अंक का विमोचन भी किया। पत्रिका के विज्ञान लेखकों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। संचालन वरिष्ठ हिंदी अधिकारी रमेश बौरा ने किया। अंत में डॉ. सुचंदन पाल मुख्य, वैज्ञानिक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।